ब्लॉक परविर्तन योजना

चर्चा में क्यों?

13 मार्च, 2023 को हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने चंडीगढ़ में प्रशासनिक सचिवों के साथ हुई बैठक में बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार राज्य सरकार प्रत्येक ज़िले में एक अवकिसति ब्लॉक की पहचान करने और उसे विकसित करने के लिये 'ब्लॉक परविर्तन योजना' लेकर आई है।

प्रमुख बिंदु

- बैठक में मुख्य सचिव संजीव कौशल ने बताया कि राज्य में अविकसित ब्लॉकों की पहचान करने हेतु 18 प्रतिबद्धता तथा 9 प्रमुख प्रदर्शन संकेतक (केपीआई) को अंतिम रूप दिया गया है।
- उन्होंने बताया कि ब्लॉक डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत प्रत्येक ज़िले से एक अविकसित ब्लॉक की पहचान की जा रही है तथा गरीबी उन्मूलन, बुनियादी ढाँचे व शासन, स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा एवं कौशल समानता एवं अधिकारिता, जल एवं स्वच्छता, ऊर्जा प्रबंधन, सामाजिक विकास, कृषि एवं सिंचाई सहित विभिन्न केपीआई के आधार पर कार्य शुरू किया जाएगा।
- विभाग द्वारा प्राप्त आँकड़ों के आधार पर इन केपीआई की मासिक और त्रैमासिक आधार पर नियमित रूप से निगरानी की जाएगी।
- मुख्य सचिव ने बताया कि चयनित खंडों की प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी तथा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले ब्लॉक को पुरस्कृत किया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/block-change-plan